भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 283
उत्तर देने की तारीख 05 दिसंबर, 2023
14 अग्रहायण, 1945 (शक)

युवा छात्रावासों का निर्माण

283. डॉ. ए. चेल्लाकुमारः
श्री बैन्नी बेहननः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) युवा छात्रावासों के निर्माण के लिए वर्ष-वार कुल कितनी धनराशि आबंटित और उपयोग की गई;

(ख) सरकार द्वारा युवा छात्रावासों में गुणवत्ता मानकों, स्वच्छता और अवसंरचना में सुधार सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है;

(ग) प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता मिशन (पीएमजीडीआईएसएचए) के अंतर्गत ग्रामीण आबादी के बीच डिजिटल और वित्तीय साक्षरता बढ़ाने के उद्देश्य से नेहरू युवा केन्द्र संगठन (एनवाईकेएस) और सामान्य सेवा केन्द्रों (सीएससी) के स्वयंसेवकों के बीच सहयोगात्मक प्रयास को सुकर बनाने के लिए सरकार द्वारा किए गए उपायों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार का राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों के पारिश्रमिक को 5000 रुपये से अधिक करने का प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) पिछले दो वर्षों और चालू वर्ष के लिए युवा छात्रावासों के निर्माण के लिए आवंटित और उपयोग की गई धनराशि का विवरण नीचे दिया गया है:

(करोड़ रु.)

वर्ष	बीई	आरई	व्यय
2021-22	3.00	2.50	0.50
2022-23	5.32	2.01	2.00
2023-24 (अब तक)	5.00	5.00	0.12

(ख) युवा छात्रावास मैनुअल के अनुसार, युवा छात्रावास का प्रबंधक छात्रावास भवन और फिक्स्चर, इसके उपकरण और भंडारों को अच्छी कार्यशील स्थिति में रखने और रसोई, शयनगृह, लॉन, सोशल एरिया और छात्रावास के परिवेश में स्वच्छता और साफ-सफाई के उच्च मानक सुनिश्चित करने के लिए उत्तरदायी है । युवा छात्रावासों के नवीकरण/ उन्नयन के लिए प्रस्ताव की व्यवहार्यता और धनराशि की उपलब्धता के आधार पर 20 लाख रुपये तक का एकमुश्त अनुदान/ वित्तीय सहायता दी जा सकती है । इसके अतिरिक्त, आगंतुकों को सेवा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए इस समय 19 युवा छात्रावास आईएसओ 9001 : 2015 प्रमाणित हैं ।

(ग) नेहरू युवा केंद्र संगठन (एनवाईकेएस) प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता मिशन से संबद्ध नहीं है । तथापि, ग्रामीण आबादी के बीच डिजिटल और वित्तीय साक्षरता बढ़ाने के लिए एनवाईकेएस ने 2022-23 में कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय के सहयोग से 150 कार्यक्रम आयोजित किए और 12,377 युवाओं को वित्तीय साक्षरता प्रदान की ।

(घ) ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है ।

******